**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 14.09.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", दैनिक जागरण, दैनिक जागरण आईनेक्स्ट, आज, जनसंदेश टाइम्स, तरुणमित्र न्यूज़," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## दैनिक जागरण–दि0 14.09.2024

# वीडीए उपाध्यक्ष ने आर्किटेक्ट को प्लान बनाने को कहा

जागरण संवाददाता, वाराणसी : वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग विकास का खाका खींचने के लिए कई स्थानों पर निरीक्षण करने के साथ अधीनस्थों को मसौदा तैयार करने का निर्देश दिया। उपाध्यक्ष शिवपुर स्थित स्व. ओलंपियन विवेक सिंह मिनी स्टेडियम पहुंचे। यहां कराए जाने वाले कार्यों और सुविधाओं को देखा। मिनी स्टेडियम विकास समिति ने स्टेडियम में बैठने के लिए बेंच, मिट्टी एवं लेवलिंग कार्य, बाउंड्रीवाल का जीर्णोद्धार, जल निकासी, मिनी नलकूप व रनिंग ट्रैक निर्माण, बच्चों के लिए मिनी पार्क, स्टेडियम के चारों तरफ हाईमास्ट लाइट आदि लगाने के बारे में चर्चा की। इसके अलावा यूपी कालेज के हाकी ग्राउंड का भी निरीक्षण किया। यहां भी खिलाड़ियों की सुविधा को लेकर यूपी कालेज के प्रधानाचार्य से चर्चा की। प्रधानाचार्य ने बताया कि हाकी फील्ड के प्रांगण में टर्फ फ्लोरिंग, बोरिंग, स्प्रींकलर, बास्केटबाल कोर्ट, चेंजिंग रूम, हाकी कोर्ट के लिए नेट, क्रिकेट पिच के लिए नेट समेत अन्य सुविधाओं पर चर्चा की। निर्माण इकाई के साथ आर्किटेक्ट को विस्तृत प्लान तैयार करने को कहा। उधर, वीडीए उपाध्यक्ष ने बीएसएनएल के एजीएम के साथ लालपुर आवासीय प्रथम चरण में दूर संचार की ज़मीन को देखा।



वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग बीएसएनएल के एजीएम के साथ लालपुर आवासीय योजना का निरीक्षण करते• जागरण

### वीडीए ने सील किया अवैध निर्माण

जासं, वाराणसी : वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जोनल अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि सारंग तालाब के पास मनोज चौरसिया बेसमेंट के अलावा दो मंजिल निर्माण कर प्लास्टर करा रहे थे। अवैध बंद कराने के साथ वीडीए से मानचित्र स्वीकृत कराने को गया था लेकिन उन्होंने नजर अंदाज कर दिया, बल्कि निर्माण जारी रहा। अवैध निर्माण सील करने के साथ पुलिस अभिरक्षा मे सौंप दिया गया। टीम मे अवर अभियंता जेपी गुप्ता, हिमांशु सिंह आदि शामिल थे।

## दैनिक जागरण आईनेक्स्ट–दि0 14.09.2024

### सील किया अवैध निर्माण

**VARANASI (13 Sept):** वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई. जोनल अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि सारंग तालाब के पास मनोज चौरसिया बेसमेंट के अलावा दो मंजिल निर्माण कर प्लास्टर करा रहे थे. अवैध बंद कराने के साथ वीडीए से मानचित्र स्वीकृत कराने को गया था लेकिन उन्होंने नजर अंदाज कर दिया, बल्कि निर्माण जारी रहा.

## आज–दि0 14.09.2024

### सारंग तालाब के समीप निर्माणाधीन भवन सील

विप्रा उपाध्यक्ष के निर्देश पर वार्ड सारनाथ में मनोज चौरसिया मुहल्ला सारंग तालाब में भवन स्वामी ने ७५ वर्ग मीटर पर भवन का निर्माण कराना शुरू किया था। भवन स्वामी ने इस कार्य के लिए विप्रा कार्यालय से अनुमति नही प्राप्त की थी। शिकायत के आधार पर शुक्रवार को जोनल अधिकारी संजीव कुमार, अवर अभियंता जय प्रकाश गुप्त, क्षेत्रीय सुपरवाइजर ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से निर्माणधीन भवन को सील कर दिया। भवन सील होने के बाद विप्रा अभियंताओं ने सारनाथ थाने में भवन को अभिरक्षा में सौंप दिया।

आज–दि0 14.09.2024

## विप्रा करेगी शिवपुर मिनी स्टेडियम का आवश्यक कार्य

### यूपी कालेज में हाकी फील्ड का होगा निर्माण-उपाध्यक्ष

विप्रा उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने शुक्रवार को शिवपुर स्थित ओलंपियन विवेक सिंह मिनी स्टेडियम का स्थलीय निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्टेडियम के विकास के लिए बेंच, मिट्टी लेवलिंग कार्य, चहारदीवारी का जीर्णोद्धार, पवेलियन निर्माण, जलनिकासी की व्यवस्था, मिनी नलकूप और रनिंग टैंक के अलावा बच्चों के लिए मिनी पार्क की व्यवस्था स्टेडियम के चारों कोनों पर हाई मास्क लाईअ, योग स्थल का भी निर्माण कराया जाय। मौके पर मौजूद अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिया कि इन सभी कार्यों का स्टीमेट बनाकर शीघ्र मेरे समक्ष रखा जाय। निरीक्षण में उपजिलाधिकारी सदर, महाप्रबंधक स्मार्ट सिटी, अपर सचिव वीडीए, अधीक्षण अभियंता वीडीए के अलावा अन्य लोग मौजूद थे। इसी प्रकार उपाध्यक्ष ने यूपी कालेज के हाथीफिल्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने कालेज के प्रधानाचार्य से बताया कि हाकी फिल्ड प्रांगण में टर्फ फ्लोरिंग, बोरिंग, स्प्रींकलर, बास्केटबाल कोर्ट, चेंजिंग रुम, हाकी कोर्ड, टिकट पिच के अलावा अन्य गांव का भी विकास किया जायेगा। इसके लिए निर्माण विभाग से जुड़े एक आर्किटेक्ट को निर्देश दिया कि विस्तृत प्लान और अनुमानित लागत पेश किया जाय।

## लालपुर में विकास कार्य के लिए शासन ने मुक्त किया २९५.१५ लाख

### विप्रा उपाध्यक्ष ने बीएसएनएल के एजीएम और एनआईएफटी के पदाधिकारियों के साथ किया प्रशिक्षण

विप्रा उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बीएसएनएल के एजीएम एनआईएफटी लालपुर में आवासीय चरण के अंतर्गत विभाग को दिये हुये दस एकड़ भूखण्डका निरीक्षण किया। इसमें बीएसएनएल को ७.५० भूमि दी गयी है। जो एनआईएफटी को स्थानांतरित कर दी गयी है। जिसके क्रम में भूमि के सापेक्ष में बीएसएनएल को १२२.९२ लाख की धनराशि स्थानांतरित कर दी गयी। बीएसएनएल एक्सचेंज भवन, आवासीय भवन, आंतरिक सड़, बाउंड्रीवाल की क्षतिपूर्ति तथा अन्य आवश्यक कार्य करायेगी। इसके लिए शासन ने २९५.१५ लाख धनराशि अवमुक्त की है। योजना में फेस-१ के आवंटियों को सुविधा होगी। ईधर एनआईएफटी के प्रतिनिधियों ने बताया कि उनको जो भूखण्ड आवंटित किया गया है। उपाध्यक्ष ने नई बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए धनराशि अवमुक्त करने के लिए बीएसएनएल अधिकारियों से आवश्यक वार्ता करते हुए उन्हें निर्देशत किया। मौके पर उपाध्यक्ष के अलावा अपर सचिव गुणाकेश शर्मा, अधीक्षण अभियंता आनंद मिश्र, तहसीलदार सुनील श्रीवास्तव, सहायक अभियंता शिवाजी मिश्र के अलावा बीएसएनएल के अलावा एजीएम, एनआईएफटी के पदाधिकारी मौजदू थे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## जनसंदेश टाइम्स– दि0 14.09.2024

# शिवपुर स्टेडियम का होगा जल्द जीर्णोद्धार



**वाराणसी।** शिवपुर स्टेडियम का जल्द जीर्णोद्धार होगा। इसके लिए वीडीए की टीम जहां जांच की ,वहीं इसको बेहतर बनाने के लिए कार्य योजना भी बनानी शुरू कर दी है। इसको लेकर वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग शुक्रवार को शिवपुर स्थित ओलम्पियन स्व. विवेक सिंह मिनी स्टेडियम पहुंचे और पूरे परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां की व्यवस्था परखा, और सुविधाओं को देखा। इस दौरान मिनी स्टेडियम विकास समिति द्वारा स्टेडियम में बैठने के लिए बेंच, मिट्टी एवं लेवलिंग कार्य, बाउण्ड्रीवाल का जीर्णोद्धार, पवेलियम निर्माण, जल निकासी की व्यवस्था नहीं रहने पर हो रही परेशानी की ओर ध्यान आकृष्ट कराया,वहीं मिनी नलकूप व रनिंग ट्रैक का निर्माण, बच्चों के लिए मिनी पार्क की व्यवस्था, स्टेडियम के चारों कोनों पर हाईमास्ट लाईट, योग स्थल का सुन्दरीकरण आदि कार्य कराये जाने की मांग की।

## तरूणमित्र न्यूज– दि0 14.09.2024

# वीडीए वीसी ने यू.पी कॉलेज हॉकी फील्ड का किया निरीक्षण, आवश्यक सुधार के दिए निर्देश



वीडीए वीसी पुलकित गर्ग निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते हुए एसडीएम सदर सार्थक अग्रवाल व अपर सचिव गुणाकेश शर्मा सहित अन्य रहे मौजूद

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने शुक्रवार को यू.पी. कॉलेज स्थित हॉकी फील्ड का निरीक्षण किया। इस दौरान उप जिलाधिकारी सदर सार्थक अग्रवाल, महाप्रबंधक स्मार्ट सिटी लिमिटेड, अपर सचिव गुडाकेश शर्मा और अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान यू.पी. कॉलेज के प्रधानाचार्य ने बताया कि हॉकी फील्ड के प्रांगण में टर्फ फ्लोरिंग, कोरिंग, स्प्रीकलर, बास्केटबॉल कोर्ट, चेंजिंग रूम, हॉकी कोर्ट के लिए नेट, क्रिकेट पिच के लिए नेट और अन्य सुविधाओं का विकास आवश्यक है। इस पर वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने निर्माण विभाग से जुड़े आर्किटेक्ट को निर्देशित किया कि सभी आवश्यक कार्यों का विस्तृत प्लान अनुमानित लागत के साथ प्रस्तुत करें।